



## साप्ताहिक जैविक हाट बाजार में दिखा शहरवासियों का विशेष रुझान




**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ काजल जावला के मार्गदर्शन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तत्वावधान में विकासखंड बड़वानी में साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की दीदियों की सहभागिता से संपन्न हुआ। हाट बाजार में प्राकृतिक एवं परंपरागत विधि से उत्पादित अनाज एवं सब्जियों की दुकानों का संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया गया। आयोजन में विकासखंड बड़वानी, राजपुर एवं पाटी से 12 से अधिक दुकानों की सहभागिता रही। शहरवासियों द्वारा जैविक उत्पादों के प्रति विशेष रुचि दिखाई गई तथा बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की। इस जैविक हाट बाजार के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को विपणन का अवसर, किसानों को उचित मूल्य तथा आमजन को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। आयोजन को नागरिकों से सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हुआ।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पाया प्रशिक्षण



**बड़वानी।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के निवासी और वर्षों से बढ़ई का काम कर रहे पप्पू ने न केवल अपने पुश्तैनी काम को आधुनिक बनाया है, बल्कि अपनी मासिक आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है और साथ ही दो अन्य लोगों को रोजगार भी दिया है। पप्पू विगत 35 वर्षों से अपने भाई के साथ सुतार/बढ़ई का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने अपनी कला में गुणवत्ता और आधुनिकता लाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवेदन किया। योजना के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण और एक टूल किट प्राप्त हुई, जिसने उन्हें आधुनिक तकनीकों के प्रयोग में पारंगत बनाया। योजना के तहत उन्हें वित्तीय सहायता 1 लाख रुपये भी मिली। जिससे उन्होंने उत्पादन में सुधार कर अपने कार्य में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले लकड़ी के उत्पादों का निर्माण कर रहे हैं। योजना का लाभ मिलने से पूर्व उनकी मासिक आमदनी लगभग 9000-10000 थी, जो अब बढ़कर 15000 मासिक हो गई है। पप्पू अब अपने काम में 2 व्यक्तियों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे एक सफल उद्यमी के रूप में उभर रहे हैं। यह सफलता की कहानी दर्शाती है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना किस प्रकार पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, आधुनिक उपकरण और वित्तीय मदद देकर आत्मनिर्भर बना रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है।

## 'जेन जी' थीम पर हुआ वार्षिक उत्सव का आयोजन



**महू.** माउंट लिटरा स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ. इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'जेन जी' पर रखी गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने नई पीढ़ी की प्रगतिशील सोच, नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण और वैश्विक नेतृत्व के प्रति अपनी आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. नृत्य, नाटक, माइम और नुक्कड़ नाटक जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. छात्रों ने विभिन्न नाट्य-रूपांतरण, समूह नृत्य, भाषण और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में फैल रही नकारात्मकता, भेदभाव और विभाजनकारी प्रवृत्तियों को लेकर अपना स्पष्ट और सकारात्मक संदेश दिया. समारोह की मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक नीति राजेश दंडोतिया, प्रथम विशिष्ट अतिथि सिंथिया जेम्स, द्वितीय विशिष्ट अतिथि डॉ. स्वाति अग्रवाल तथा तृतीय विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रखर अग्रवाल थे. विद्यालय के चेयरमैन तारिक कुरैशी ने कार्यक्रम की थीम पर प्रकाश डाला. प्राचार्य राकेश भाटिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर धन्यवाद ज्ञापित किया.

## न्यू एकेडमी और नेशनल क्लब के मध्य होगा खिताबी मुकाबला

### मेमोरियल क्लब फुटबाल प्रतियोगिता

**महू.** इंदौर जिला फुटबॉल संघ (एडहॉक कमेटी) के तत्वावधान में हाजी काना कप्तान एवं स्व. भीम दादा मेमोरियल कप 2025 फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को सातवें दिन बालाजी स्ट्राइकर फुटबॉल क्लब महू और न्यू एडकेमी फुटबॉल क्लब महू के बीच शानदार सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया. इसमें न्यू एकेडमी फुटबॉल क्लब महू ने 3-1 से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल में उसका मुकाबला नेशनल फुटबाल क्लब से होगा. यह जानकारी इंदौर जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन जगदीशचंद खोड़े एवं कन्वीनर अशोक पिल्ले ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे के प्रख्यात फुटबॉलर सुरेश पाल एवं अशोक डागर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया. अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला फुटबॉल संघ चेयरमैन जेसी खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, शरद सिलावट, ओपी बाथम, नीरज शर्मा, संदीप जयसवाल, अमित शुक्ला, शिवम शर्मा द्वारा किया गया.

# आचार्य जी का पदारोहण दिवस मनाया

### 84 फीट उत्तुंग भगवान के चरणों में समाजजनों ने की शांति सहस्त्रधारा

**बड़वानी, (नवभारत)।**
दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र श्री बावनगजा पर विराजित उत्कृष्ट समाधि धारक राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर महाराज जी के शिष्य भक्तामर महोदधि उच्चारणाचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज का रविवार को 16वां आचार्य पदारोहण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सुबह हजारों गुरु भक्तों के साथ आचार्य संघ भगवान आदिनाथ के चरणों में पहुंचा। जहां 84 फीट विशाल प्रतिमा के चरणाभिषेक और सहस्त्र शांति धारा आचार्य श्री के मुखारविंद और मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न हुई।

सारी मांगलिक क्रियाएं ब्रह्मचारी सुरेश मलैया और मौसम शास्त्री ने संपन्न कराई। शांतिधारा और प्रथम अभिषेक का सौभाग्य शलभ सरिता इंदौर को मिला। इसके बाद तलहटी में आचार्य श्री संघ की आहार चर्या सामायिक संपन्न हुई।

दोपहर के सत्र में आचार्य संघ को बावनगजा ट्रस्ट कमेटी ने श्रीफल भेंट कर सम्मान मंचासिन किया गया। बाहर से आए अतिथियों और बावनगजा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर भगवान आदिनाथ और आचार्य श्री विराग सागर जी के चित्र का अनावरण किया। साथ ही मंगलाचरण हरसुख छात्रावास के बच्चे गौरव और कार्तिक जैन ने किया। रिद्धि जैन द्वारा गुरूवंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। गुरु भक्तों ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन धर्मेंद्र जैन विजय नगर और अन्य भक्तों ने कर शास्त्र भेंट किए। क्षुल्लिका प्रभा माताजी का भी आज दीक्षा दिवस है। उन्होंने भी आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया और अशोक कुमार जी सतना वालों ने भी शास्त्र भेंट किए।

बावनगजा ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विनोद दोशी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और अतिथियों का ट्रस्ट कमेटी और चातुर्मास कमेटी ने सम्मान पगड़ी, अंगवस्त्र, मोतियों की माला और तिलक लगाकर किया। चातुर्मास कमेटी ने बावनगजा ट्रस्ट कमेटी का भी सम्मान किया।






गुरु भक्तों ने श्रीफल चढ़ा कर चतुर्विध संघ का आशीर्वाद लिया। आचार्य श्री का पुजन पुज्य माताजी एवं संघस्थ दीदियों के मुखारविंद और इंदौर से संगीतकार अनुभव जैन के सुमधुर भजन और स्वर लहरियों के बीच सम्पन्न हुआ। चातुर्मास कमेटी विजय नगर इंदौर द्वारा ताम्रपत्र पर रचित शास्त्र उच्चारणाचार्य चरित्र का भी विमोचन किया गया।

आचार्य श्री ने धर्मसभा को सम्बाधित किया। वहीं आचार्य संहिता पढ़ाने के बाद गुरु जी ने कहा कि जाओ अब आप धर्म की खूब प्रभावना करो, शिक्षा, दीक्षा दो। इस अवसर पर शाम को आचार्य संघ का प्रतिक्रमण, गुरुभक्ति हुई, शाम को भगवान और आचार्य श्री की आरती हुई। ट्रस्टी धर्मेंद्र जैन ने आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी मनीष जैन ने दी।

**आचार्य संघ पहुंचा**
- हजारों गुरू भक्तों के साथ आचार्य संघ भगवान आदिनाथ के चरणों में पहुंचा
- धर्मसभा का किया आयोजन

## आदर्श महाविद्यालय के कॅरियर सेल ने किया आयोजन

**बड़वानी, (नवभारत)।**
शासकीय आदर्श महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित के निर्देशन किया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गतिविधियां की जा रही हैं। इसी के अंतर्गत कॅरियर सेल ने मानसिक स्वास्थ्य पर काउंसलिंग का आयोजन किया। जिसमें कॅरियर काउंसलर डॉ अनिल पाटीदार ने बताया कि वह आवश्यकता के अनुसार अपने शिक्षक, मेंटर, परिवार या साथी सदस्यों से संवाद कायम रखे। निरंतर संवाद से मानसिक तनाव में कमी आती है।

वहीं इस दौरान डॉ दिनेश पाटीदार ने विद्यार्थियों को शासकीय मेंटल अस्पताल, टेली मानस मानसिक स्वास्थ्य हैल्पलाईन 14416 टोल फ्री नं. की जानकारी दी। साथ ही बताया कि उमंग किशोर हैल्पलाईन 14425 स्वस्थ जीवन कौशल कॅरियर मार्गदर्शन एवं किशोरावस्था संबंधित विषयों पर निःशुल्क परामर्श देता है। यह यूएनएफपीए के सहयोग से संचालित की जाती है। विद्यार्थियों को इन हैल्पलाईन का उपयोग कर अपने कॅरियर मार्गदर्शन के साथ-साथ जीवन कौशल और स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क करना चाहिए। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



## हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का किया आयोजन

**बड़वानी, (नवभारत)।**
**पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को डीआरपी लाइन में हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यास कार्यक्रम हुआ। आयोजन एसपी जगदीश डावर के निर्देशन में संपन्न हुआ।**

एएसपी धीरज बब्बर ने बताया कि पुलिस विभाग में लंबी एवं तनावपूर्ण ड्यूटी के कारण मानसिक दबाव उत्पन्न होता है, जिससे हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यास के माध्यम से तनाव से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में डीएसपी महिला सेल महेश कुमार सुनैया, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल, सूबेदार उषा सिसोदिया, मास्टर ट्रेनर अखिलेश पाटीदार, काउंसलर अनीता चोयल व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कष्टभंजन हनुमान सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल, 15 दिसम्बर**
नगर के बृजधाम कॉलोनी में भगवान कष्टभंजन हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन भोजन प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर गायत्री मंदिर से भव्य कलशयात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव की शुरूआत हुई। भव्य मंदिर में जयपुर से लाई गई भगवान कष्टभंजन हनुमान की प्रतिमा एवं शिव परिवार की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।



**आशीर्वाद प्राप्त कर मिली प्रेरणा**

अश्विनी मिश्रा ने बताया कि गुजरात जिले के सारंगपुर स्थित कष्टभंजन हनुमान से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रेरणा मिली। जिसके बाद प्रथम दिवस कलशयात्रा, द्वितीय दिवस भजन संध्या एवं रविवार को भोजन प्रसादी वितरण कर उत्सव का समापन किया। मुख्य यजमान के रूप में मंजूदेवी अजय मिश्रा ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया। आयोजन में विधायक श्याम बर्डे सहित आसपास से श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

**प्राप्त हुए आशीर्वचन**

संत राजाराम दास महाराज, संत शिवानंद गिरी स्वामी, संत परमेश्वरानंद महाराज, प्रवीण दास महाराज सहित संत समाज के आशीर्वचन प्राप्त हुए।

## बेकाबू ट्रक ने एक्टिवा सवार युवक को 500 मीटर तक घसीटा

- एमआर-10 ब्रिज के पास दिल दहला देने वाला हादसा
- युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** शहर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक और खौफनाक सड़क हादसा सामने आया है. हीरानगर थाना क्षेत्र में एमआर-10 ब्रिज के समीप बीती रात एक बेकाबू आइसर ट्रक ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद भी चालक ने वाहन नहीं रोका और युवक को करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गया, इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पुलिस के अनुसार घायल युवक का नाम हर्ष गोस्वामी पिता राजू गोस्वामी, उम्र 26 वर्ष, निवासी राम नगर बताया गया है. दुर्घटना में युवक के हाथ-पैर की हड्डियां टूट गईं. उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है. टक्कर के बाद उसकी एक्टिवा ट्रक के नीचे फंस गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आइसर की रफ्तार काफी तेज थी और हादसे के बाद चालक ने ब्रेक तक नहीं लगाए. मौके पर मौजूद राहगीरों ने हिम्मत दिखाते हुए जैसे-तैसे ट्रक के नीचे फंसे युवक को बाहर निकाला और तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही हीरानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अरविंदो अस्पताल भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है. पुलिस ने केस दर्ज कर आइसर ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है.

## दोगुना मुनाफे का लालच देकर ठगने वाला दफ्तर बंद कर हुआ फरार

- ओनली प्रॉफिट-नो लॉस स्कीम के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी
- व्हाट्सऐप पर अब भी लोगों को बना रहा शिकार

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शहर में निवेश के नाम पर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां बिना जोखिम के मुनाफे का सपना दिखाकर लोगों से लाखों-करोड़ों रुपए ऐंठ लिए और दफ्तर अचानक बंद कर आरोपी फरार हो गया, जबकि पीड़ितों को अब भी संदेश भेजकर नए-नए बहाने बनाए जा रहे हैं.**

वैभवलक्ष्मी नगर में रहने वाले प्रभुसिंह चौहान की शिकायत पर नेहरू नगर निवासी मुकेश पाठक पिता हरिश्चंद्र पाठक के खिलाफ



खजराना थाने में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने बजरंग नगर क्षेत्र में ओनली प्रॉफिट नो लॉस नाम से एक कार्यालय खोल रखा था. वह लोगों को निवेश करने पर दोगुना मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाता था और इसी झांसे में रकम जमा करवा लेता था. प्रभुसिंह का आरोप है कि आरोपी ने उससे 10 लाख रुपए से अधिक की राशि हड़प ली.

इसी तरह शहर के अन्य लोगों से भी निवेश के नाम पर बड़ी रकम वसूल की गई. कुछ दिन पहले आरोपी ने अचानक दफ्तर बंद कर दिया और शहर छोड़कर फरार हो गया. प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि वह करोड़ों रुपए लेकर भागा है. पीड़ितों ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी के खिलाफ दूसरे शहर में भी इसी तरह की ठगी का एक मामला दर्ज होने की जानकारी सामने आई है. हैरानी की बात यह है कि फरार होने के बावजूद आरोपी व्हाट्सऐप के जरिए निवेशकों से संपर्क बनाए हुए है. संदेशों में वह यह दावा कर रहा है कि उसकी कंपनी का बैंक अकाउंट और ट्रेडिंग आईडी सरकारी एजेंसियों द्वारा फ्रीज कर दिए गए हैं, इसलिए फिलहाल रकम वापस नहीं की जा सकती.

**लोगों को दोबारा पैसा डालने के लिए अभी भी उकसा रहा आरोपी**

आरोपी अपने मैसेज में यह भी कह रहा है कि उसकी लीगल टीम समस्या सुलझाने में लगी है और जल्द ही नए बैंक अकाउंट व नई ट्रेडिंग आईडी के जरिए लेन-देन शुरू किया जाएगा. इसी बहाने वह लोगों को दोबारा पैसा डालने के लिए भी उकसा रहा है. फरियादी ने इन संदेशों के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंप दिए हैं. खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी भी जुटाई जा रही है. मामले की जांच के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## पुलिस की पाठशाला में साइबर फ्रॉड से बचाव का पाठ

- विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई और गेमिंग के दौरान सतर्कता बरतने की दी सीख

**इंदौर. बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने और आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसके तहत एक निजी स्कूल में विशेष साइबर अवेयरनेस सत्र आयोजित किया गया, जिसमें करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया.**




कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया टीम के साथ स्कूल पहुंचे और छात्रों को साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पढ़ाई, गेमिंग या डिजिटल लेन-देन के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी आर्थिक और मानसिक परेशानी का कारण बन सकती है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज अधिकांश कार्य डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं. पढ़ाई के साथ-साथ ऑनलाइन गेम खेलते समय या सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए किसी भी अनजान लिंक, ऐप, वेबसाइट या लुभावने ऑफर पर भरोसा न करें. किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस को दें और अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें.

**पुलिस द्वारा विकसित एआई आधारित सुरक्षा चैटबोट की दी जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इंदौर पुलिस द्वारा विकसित एआई आधारित आधुनिक सुरक्षा चैटबोट की जानकारी भी दी गई. बताया गया कि पुलिस कमिश्नरेट द्वारा तैयार किया सेफ क्लिक्स एआई एजेंटिक सॉल्यूशंस चैटबोट साइबर फ्रॉड से बचाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराता है और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में मदद करता है.

## दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर.** दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान एक नवविवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. घटना सांवेर क्षेत्र की है, जहां महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई है. मामले में पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार मृतका 25 वर्षीय अंजली पति मुदित कुमावत, निवासी केसरीपुरा, सांवेर को शादी के बाद से ही दहेज को लेकर परेशान किया जा रहा था. आरोप है कि पति मुदित राय कुमावत तथा उसके परिजन दहेज की मांग करते हुए अंजली को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे. 29 अक्टूबर की रात करीब 10.45 बजे प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर अंजली ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. मृतका के मायके पक्ष के बयान और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सांवेर थाने में प्रकरण दर्ज किया है. प्रकरण में पति मुदित राय कुमावत, ससुर प्रीतम राय कुमावत तथा सास प्रीमिला कुमारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है.

## 700 करोड़ से अधिक की लागत से बनेगा न्यू एमवाय हॉस्पिटल

- 1450 बिस्तरों के अत्याधुनिक अस्पताल का आज सीएम करेंगे भूमिपूजन
- तीन साल में पूरा होने का लक्ष्य, अतिक्रमण हटाना बड़ी चुनौती

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देने की दिशा में इंदौर को बड़ी सौगात मिलने जा रही है. एमवाय हॉस्पिटल परिसर में प्रस्तावित न्यू एमवाय हॉस्पिटल का भूमिपूजन रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 1450 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल तैयार किया जाएगा, जिस पर 700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है.

एमवाय हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने बताया कि नया अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा और इसके निर्माण में करीब तीन वर्ष का समय लगेगा. मेडिकल प्रशासन का कहना है कि यह प्रोजेक्ट इंदौर सहित आसपास के जिलों के मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लाएगा. हालांकि अस्पताल के निर्माण से पहले प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती भी खड़ी है.

**अस्पताल की जमीन पर लगातार बढ़ता जा रहा अतिक्रमण का दायरा**

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के समीप स्थित जमीन पर अवैध कब्जों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है. पूर्व में संभाग आयुक्त दीपक सिंह के संज्ञान में भी इस भूमि पर मौजूद अतिक्रमणों की जानकारी लाई जा चुकी है. इसके अलावा प्रस्तावित क्षेत्र में पुराने एमवाय हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज से जुड़े स्टॉफ व विद्यार्थियों के हॉस्टल, कैंसर हॉस्पिटल सहित 10 से अधिक पुराने भवन और अस्पतालों को भी तोड़ा जाना शेष है. इन तमाम चुनौतियों के बीच रविवार को होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री न्यू एमवाय हॉस्पिटल का भूमिपूजन करेंगे